मेट्रो-3 के ठेके L&T, HCC को

2523 करोड़ का ठेका एचसीसी को

4072 मीटर के भूमिगत लाइन का करेगी निर्माण

मुंबई, ए. मुंबई मेट्रो रेल निगम ने लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) और हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी (एचसीसी) को मेट्रो की कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज लाइन के निर्माण के ठेके दिए हैं. यह मुंबई में मेट्रो की तीसरी परियोजना है जिसकी लंबाई 33.5 किलोमीटर लंबी है. निगम ने एचसीसी और रुस की एमएमएस के संयुक्त उपक्रम को 2,523 करोड़ रुपये का ठेका प्रदान किया. इसके तहत कंपनी को 4,072 मीटर के भूमिगत मेट्रो खंड के निर्माण का काम मिला है. इसमें चार भूमिगत स्टेशन छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, कल्बादेवी, गिरगांव और ग्रांट रोड का निर्माण शामिल है. इसी के साथ इसमें एक 3,115 मीटर लंबी जुड़वा बोर सुरंग का निर्माण भी किया जाना है.

5273 करोड़ का ठेका L&T को मिला

इसके अलावा कंपनी ने एलएंडटी को भी 5,273 करोड़ रुपये का एक ठेका दिया है. इसके तहत कंपनी को मेट्रो-3 की परियोजना के लिए पैकेज-1 और पैकेज-7 के लिए भूमिगत स्टेशन नाके की डिजायनिंग एवं निर्माण का काम करना होगा. इसके अलावा इन्हीं पैकेजों के लिए जुड़ी हुई सुरंगों का निर्माण भी इस ठेके में शामिल हैं.

55 माह में बनेगी कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज लाइन

एलएंडटी कफ परेड, विधान भवन, चर्चगेट, मरोल नाका और हुतात्मा चौक भूमिगत स्टेशनों का निर्माण करेगी. इसके अलावा कफ परेड से छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और एमआईडीसी से सीप्ज तक की जुड़ी हुई सुरंगों का भी निर्माण करेगी. सीप्ज पर यह सुरंग अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से जुड़ेगी. यह परियोजना 55 महीनों में पूरी की जानी है.